राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

# उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में हुए बस हादसे पर राज्यपाल की शोक संवेदना

जयपुर, 26 जून। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में बस के नदी में गिरने से हुए हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

उन्होंने ईश्वर से मृतकों की पुण्यात्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। उन्होंने हादसे में घायलों के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना की है।

———